## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वाइन फ्लू की चपेट में आए 12 डीएसपी, क्लासेस एक सप्ताह के लिए स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वाइन फ्लू का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है कि चंद्रखुरी राज्य पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में स्वाईन फ्लू ने दस्तक दे दी है। यहां प्रशिक्षण ले रहे 12 डीएसपी को स्वाईन फ्लू हो गया है तो वही 4 अन्य बुखार व सर्दी खांसी से पीड़ित है। राजधानी के चंद्रखुरी स्थित प्रशिक्षण अकादमी में आरक्षक से लेकर डीएसपी रैंक तक के लोगों को प्रशिक्षण दिया जाता है। फिलहाल, यहां 24 डीएसपी ट्रेनिंग ले रहे हैं। सर्दी खांसी व बुखार के लक्षणों को देखते हुए, उन सभी का टेस्ट करवाया गया तो उनमें से 12 प्रशिक्षु डीएसपी में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है।

### बकरी चोरी के मामले में आरोपियों की तलाश जारी

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से बकरी चोरी की शिकायत दर्ज कराए जाने पर पाली पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पाली टीआई तेज यादव ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र में एक गांव में बकरी चोरी मवेशी चोरों द्वारा की गई है। जिसके मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 379 भादवि के तहत बकरी चोरी का अपराध भी पंजीबद्ध कर लिया गया है। संबंधित बकरियों के स्वामी द्वारा जो संदेह व्यक्त किया गया था उस आधार पर आरोपियों को पकडऩे के लिए मुखबिरों को लगा दिया गया है। आरोपियों के पकड़े जाने पर इस मामले का उन्होंने विधिवत खुलासा किये जाने की बात कही है।

### हाथियों ने मवेशी को फिर उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल में पसान रेंज के सेंन्हा क्षेत्र में सक्रिय 23 हाथियो का दल बीती रात ग्रामीणो व वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर आगे बढक़र रानीअटारी गांव के पास पहुंच गया है। यहां पहुंचने से पहले हाथियो ने पुटी पखना में कोठार में बंधे एक मवेशी को मौत के घाट उतार दिया । घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच गया है। और आगे की कार्रवाई कर रहा है। हाथियो के इस दल में शामिल एक हाथी ने मंगलवार दोपहर सेन्हा के जंगल में एक किशोर को सूड से उठाकर पटक दिया था। तथा पैरो तले कुचल दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर अपने साथियो के साथ हाथियो को देखने जगंल गया था। और सेल्फी ले रहा था। इसी दौरान पीछे से अचानक आए हाथी ने उसपर हमला कर दिया । तीन हाथी लोकड़हा के आसपास विचरण रत है। इधर कोरबा वन मंडल के बालको परिक्षेत्र में आए 15 हाथी अभी भी डोंगाघाट में मौजूद है। हाथियो के इस दल ने फिर खेतो में पहुंचकर फसल नुकसान किया है।

### मौसम विभाग का पूर्वअनुमान:राज्य के कुछ स्थानों पर हो सकती हैं बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में बीते 2 दिनों से उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है. मंगलवार को रायपुर के अलग-अलग हिस्सों में कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई थी. उसके बाद फिर एक बार धूप निकलने के कारण उमस भरी गर्मी देर रात तक महसूस की गई. बुधवार की सुबह राजधानी में हल्के बादल छाए रहने के साथ ही उमस भरी गर्मी सुबह से महसूस हो रही है. इसी तरह के हालात दिनभर बने रहने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर गंगानगर, हिसार, हरदोई, गोरखपुर, पटना, रांची, बालासोर और उसके बाद पूर्व उत्तर पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है. उत्तर-दक्षिण द्रोणिका छत्तीसगढ़ से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है.

# राज्य में 50 नवीन एकलव्य विद्यालयों के भवन निर्माण की मंजूरी

- मंत्री डॉ. टेकाम की अध्यक्षता में संचालक मंडल की बैठक
- राज्य के 16 आदिवासी विकासखण्डों में एकलव्य विद्यालय खोलने का प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में 50 नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 11 भवनों का निर्माण शुरू करा दिया गया है। 12 स्कूलों के भवन निर्माण के लिए वन संरक्षण अधिनियम के तहत भूमि आबंटन प्रक्रियाधीन है, जबकि शेष 27 स्कूलों के भवन की निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भारत सरकार राष्ट्रीय आदिवासी शिक्षा समिति के समक्ष प्रक्रियाधीन है। यह जानकारी आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित आवासीय एवं आश्रम संस्थान संचालक मंडल की बैठक में दी गई।

मंत्री डॉ. टेकाम ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के 16 आदिवासी विकासखण्डों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थापना के लिए विकासखण्ड की कुल साक्षरता एवं अनुसूचित जनजाति साक्षरता दर की जानकारी के साथ पुन: प्रस्ताव भारत सरकार जनजातीय मंत्रालय को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक भवनों में संचालित हो रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में पर्याप्त स्थान के लिए पोटाकेबिन प्री-कास्ट स्ट्रक्चर बनाने का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा जाए।

बैठक में बताया गया कि शिक्षण सत्र 2022-23 में प्रदेश में संचालित 73 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से 41 स्कूलों की सीबीएसई संबद्धतापूर्ण कर ली गई है, 39 स्कूलों की संबद्धता प्रक्रियाधीन है। इन संचालित स्कूलों में शिक्षण सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 4380 सीट के लिए 27,397 आवेदन प्राप्त हुए और 25,025 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। सीबीएसई पाठ्यक्रम से अध्यापन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2022-23 से प्रदेश में संचालित सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेशित विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कराया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में सीजी बोर्ड में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 92.60 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई वर्ष 2021-22 में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 93.32 और कक्षा 12वीं का 45.47 प्रतिशत रहा। वर्ष 2021-22 में एकलव्य विद्यालयों से जेईई मेन्स में शामिल 116 विद्यार्थियों में से 69 ने क्वालीफाईड किया और 47 विद्यार्थी जेईई एडवांस परीक्षा में शामिल हुए।

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव

बैठक में जानकारी दी गई कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 28 नवंबर को आंध्रप्रदेश में और राष्ट्रीय सांस्कृति उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक कर्नाटक में होना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी इन प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मंत्री डॉ. टेकाम ने अधिकारियों को इन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बच्चों को पूरी तैयारी के साथ भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर समाज के नवनिर्माण में अहम् भागीदारी निभाएं: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयकों को किया सम्बोधित
- ग्रामीण औद्योगिक पार्कों में अब समूह ही नहीं अपितु इच्छुक युवा उद्यमी अथवा व्यक्ति को भी जोड़ने शासन की महत्वपूर्ण पहल



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम यहां अपने निवास कार्यालय में राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा में असीम शक्ति निहित है। वे अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहकर क्षेत्र व समाज के नवनिर्माण में ऊर्जा का भरपूर उपयोग करें और इनके प्रगति में अहम् भागीदारी निभाएं।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान गौठानों में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में समूह ही नहीं अपितु इच्छुक युवा उद्यमी अथवा व्यक्ति को भी जोडऩे के लिए शासन की ओर से महत्वपूर्ण पहल होने की बात कही। जिससे कोई भी ग्रामीण अथवा युवा बेरोजगार अपने चिन्हांकित व्यवसाय व धंधा के तहत आयमूलक गतिविधियों का संचालन कर स्वयं अधिक से अधिक आय अर्जित कर सके।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में राजीव युवा मितान क्लब योजना की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को संगठित करके उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढऩे में करना है। उन्होंने इस दौरान राजीव युवा मितान क्लब की सक्रियता को बढ़ाने विशेष जोर दिया। इसके तहत उन्होंने गांव-गांव में क्लबों के शीघ्रता से गठन और वहां युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को इसका लाभ दिलाने में अहम् भागीदारी निभाने के लिए कहा।

जिला समन्वयक - राजीव युवा मितान क्लब के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा तथा संसदीय सचिव सुश्री शकुन्तला साहू, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक देवेन्द्र यादव, विधायक रामकुमार यादव, विधायक विनय भगत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव डॉ. रश्मि आशीष सिंह, विधायक पुरूषोत्तम कंवर सहित राज्य भर से राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

# चैतुलगढ़ में बाघ की आमद से, इलाके में दहशत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के पाली क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ स्थित आदिशक्ति मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर के कुछ ही दूरी में आज प्रात: बाघ के एक बैल का शिकार करने की खबर से सनसनी फैल गई। चैतुरगढ़ में बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि संतोष दास नामक ग्रामीण ने आज सुबह साढ़े 7 बजे अपना बैल चरने के लिए छोड़ा था जिसे चैतुरगढ़ में ही सुखरी तालाब के निकट प्रात: 10:00 बजे ग्रामीण बैल को खोजते पहुंचा तो मृत हालत में मिला। जिसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी । मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटनास्थल को देखते हुए संभावना जताई कि इसका शिकार बाघ अथवा तेंदुए ने किया होगा। घटनास्थल पर संघर्ष के निशान और रक्त रंजित बैल का शव दिखा। जमीन पर जानवर के पदचिन्ह भी दिखा हैं। जिसकी सूचना वन विभाग को कर दी गई है। बहरहाल आसपास के लोगों और स्थानीय ग्रामीणों को इस इलाके में आवागमन करने से मना किया गया है वही मंदिर क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को भी सावधान रहने की सलाह दी जा रही है।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कोरबा।** अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अगवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, सचिव शिव अग्रवाल, अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष जयराम बंसल, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव मुकेश गोयल, अनिता सिन्हा, भगवती अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की मूर्ति व सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने गुरु की महिमा बताया व कहा कि शिक्षक विद्यार्थी रूपी नींव को सुदृढ़ करके उस पर भविष्य में सफलता रूपी भवन खड़ा करने में मदद करता है। शिक्षण समिति के अध्यक्ष जयराम बंसल ने कहा कि बच्चों के जीवन में उसकी मां पहली गुरु होती है जो हमें इस संसार से अवगत कराती है। वहीं दूसरे स्थान पर शिक्षक होते हैं जो सांसारिक जीवन का बोध कराते हैं। प्राचार्य शोमा सोनी ने कहा कि जिस प्रकार कुहार मिट्टी को बर्तन का आकार देता है ठीक उसी प्रकार शिक्षक छात्र के जीवन को मूल्यवान बनाता है। शिक्षण समिति के सचिव गोयल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को समिति के पदाधिकारियों व बच्चों द्वारा श्रीफल व पुरस्कार देकर समानित किया गया।

# फांसी फंदा टूटा तो वृद्ध ने जहरपान कर दे दी जान

**कोरबा।** किन्हीं कारणों से घर वालों से नाराज होकर खेत में जाकर पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर लटकने के बाद फंदे के टूट जाने से जान बचने पर आत्महत्या करने के लिए जहरपान करने वाले वृद्ध की अंतत: उपचार के दौरान आज तडक़े जिला अस्पताल में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बालको नगर थाने की रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम केराकछार निवासी पीतर गौटिया यादव उम्र 60 वर्ष पिता मेछारी राम यादव विगत 25 अगस्त को अपने घर में किसी बात को लेकर परिवार वालों के साथ विवाद किया था। घरेलू कलह से परेशान होकर वह उसी दिन अपने खेत की ओर चला गया। देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा जिसके परिणाम स्वरूप उसकी खोजबीन शुरू हुई लेकिन सही जानकारी के अभाव में वह नहीं मिला। अगले दिन 26 अगस्त को अपने खेत के मेड़ पर स्थित एक पेड़ के नीचे गले में फांसी का रस्सी के टूटे हुए फंदे से फंसे हालत में बेहोश मिला। जिसके मुंह से जहरीले पदार्थ के सेवन किये जाने की बदबू आ रही थी। उस दौरान उसके पुत्र रामकुमार यादव उम्र 28 ने उसे 112 डायल वाहन के माध्यम से कोरबा लाकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवा दिया। जहां उसका उपचार चल रहा था।

बताया जाता है कि वृद्ध मेछारी राम यादव घटना दिनांक से ही कोमा की हालत में था। इस वजह से उसका चिकित्सक एवं अस्पताल चौकी पुलिस के किसी स्टाफ द्वारा बयान दर्ज नहीं किया जा सका था। अंतत: आज तडक़े साढ़े तीन बजे के लगभग उसके प्राण पखेरू उड़ गए। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी के प्रधान आरक्षक रविंद्र जनार्दन ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। प्रधान आरक्षक जनार्दन ने मृतक के पुत्र रामकुमार का एक ओर जहां बयान दर्ज कर लिया वहीं दूसरी ओर उन्होंने मृतक के मर्ग की डायरी घटना स्थल रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत केराकछार होने के कारण चौकी पुलिस को रेफर किये जाने के लिए वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध निर्माण पर प्रशासन ने लगाई रोक



**कोरबा।** जिले के दीपका तहसील अंतर्गत इसी रेवन्यू सर्किल के पटवारी हल्का नंबर 50 में किये जा रहे अवैध निर्माण की सूचना पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। तहसीलदार ने आदेश के परिपालन में मौके पर पहुंच अवैध निर्माण पर रोक लगा दी। कहा गया है कि इस तरह की हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। तहसीलदार विरेंद्र श्रीवास्तव ने कटघोरा एसडीएम के द्वारा 29 अगस्त को जारी एक आदेश के परिपालन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस मामले में उदय नारायण कलार पिता सालिगराम के द्वारा एसडीएम के पास शिकायत की गई थी कि झाबर गांव में उसके स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 627/6 रकबा 0.032 हेक्टेयर है। इस जमीन पर झाबर निवासी परवेज पिता हैदर अली के द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करने के साथ अवैध निर्माण किया जा रहा है। प्रार्थी ने इस पर आपत्ति जताने के साथ तत्काल अवैध काम को रोकने की गुहार प्रशासन से लगाई थी। एसडीएम ने इस मामले में अनावेदक को नोटिस जारी किया और काम रोकने को निर्देशित किया। इस कड़ी में दीपका तहसीलदार टीम के साथ आज यहां पहुंचे। उन्होंने उच्चाधिकारी के हवाले से इस काम को तत्काल रूकवाया। कहा गया कि किसी भी कीमत पर यहां इस तरह का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। आवेदक के पक्ष में स्थगन आदेश जारी करने के साथ अब अगली कार्रवाई की जाएगी।

# ठेका कर्मियों ने नागार्जुन इंजीनियरिंग कंपनी के कार्यों पर लगाई रोक, उत्पादन बाधित



**कोरबा।** साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के विभिन्न क्षेत्रों की खदानों और दूसरी साइड पर कई कारणों से आये दिन प्रदर्शन होने से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ रही है। कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र में ठेका कर्मियों ने नागार्जुन इंजीनियरिंग कंपनी के कार्यों पर ऐसे ही कारणों से रोक लगा दी। इसके चलते एसईसीएल के उत्पादन और दूसरे कार्य बाधित हुए हैं। ठेका कामगारों की ओर से प्रदर्शन करने के साथ एक बार फिर कामकाज ठप कर दिया गया।

इसी वर्ष ग्लोवल टेंडर के अंतर्गत एसईसीएल दीपका क्षेत्र में सीएचपी और साइलो से संबंधित कामकाज का ठेका दक्षिण भारत की नागार्जुन इंजीनियरिंग के हाथ लगा है। शुरुआत में पुराने कामगारों को निकाले जाने के साथ यह कंपनी विवादों से घिरी रही। आये दिन हो रहे प्रदर्शन के कारण सही समय पर इसका काम शुरू नहीं हो सका। बाद में हस्तक्षेप और नई सेवा शर्तों के साथ उसकी गतिविधियां यहां पटरी पर लौट सकी। जानकारी के अनुसार कंपनी ने सीमित संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार पर रखा है जबकि बड़ी संख्या में लोग दक्षिण से यहां बुलवाये गए हैं। कहा जा रहा है कि अपने चहेतों को समय पर वेतन दिया जा रहा है जबकि स्थानीयों के मामले में दिक्कतें पैदा की जा रही है। इसके अलावा तरह-तरह से इन लोगों को परेशान करने का काम जारी है। ठेका कर्मियों ने एक संगठन के बैनर पर 8 मांगे रखते हुए आज सुबह से दीपका के साइलो और सीएचपी का काम बंद करा दिया। कहा गया कि पूर्व में अनेक आंदोलन किये गए। अरसा बीतने पर इस बारे में सहमति बनी है लेकिन इन पर काम नहीं किया गया। लिखित समझौतों को आधार बनाकर ठेका कर्मियों ने कंपनी को उसका वादा याद कराया और कामकाज को ठप्प कर दिया। आज सुबह 6.30 बजे से दीपका में सीएचपी और साइलो का कामकाज एक तरह से चौपट हो गया और यहां किसी भी तरह के प्रचालन संबंधी कामकाज नहीं हुए। गतिरोध को देखते हुए कंपनी ने प्रबंधन और पुलिस को जानकारी दी है। इस पर अगले रूख की प्रतीक्षा की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री दयाव्रत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU